हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 27 अप्रैल 2026

04 सूने घर पर चोरों ने बोला धावा, लाखों का माल किया...



07 शिक्षकों के साथ 'छल': समर वैकेशन में भी ड्यूटी का...





## प्री मानसून से पहले मौसम में कई बार होगा इस तरह का उतार चढ़ाव

# भीषण गर्मी: कक्षा 8वीं तक के छात्रों का 30 तक अवकाश घोषित, आंधी के साथ बारिश

### सुबह सूरज उगते ही निकली रही तीखी धूप



विदिशा। सुबह से ही निकली तीखी धूप से बचने का प्रयास करते लोग।



विदिशा। दोपहर बाद मौसम बदला और आंधी के साथ बारिश हुई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

रविवार दोपहर लगभग 3:30 बजे अचानक मौसम ने करवट ले ली। तेज धूप और गर्मी के बीच देखते ही देखते आसमान में काली घटाएं छा गईं और कुछ ही देर में तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। करीब 15 से मिनट तक तेज हवा चलती रही, जिससे कई स्थानों पर धूल का गुबार उठता नजर आया। इसके बाद हल्की से मध्यम बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को गर्मी से राहत मिली।

हालांकि बारिश थमने और मौसम साफ होने के बाद उमस बढ़ गई, जिससे दोबारा तेज गर्मी का अहसास होने लगा। मौसम ठंडा जरूर हुआ, लेकिन हवा में नमी बढ़ने से असहज स्थिति बनी रही। अचानक बदले मौसम के कारण बाजारों में अफरा-तफरी का माहौल रहा और लोग दुकानों एवं छायादार स्थानों पर शरण लेते दिखे। मौसम विभाग के अनुसार प्री-मानसून गतिविधियों के चलते इस तरह के बदलाव देखने को मिल रहे हैं। आगामी दिनों में भी आंधी और हल्की बारिश की संभावना जताई गई है, जिससे तापमान में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। मौसम में बदलाव के बाद अस्पतालों में मरीजों की संख्या भी बढ़ने की संभावना है। हालांकि अभी लू नहीं चल रही है। न ही उमस का लोगों को सामाना करना पड़ रहा है, लेकिन गर्मी जरुर सिर चढ़कर बोल रही है। सुबह 8 बजे से ही तीखी धूप निकल रही है।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले में लगातार बढ़ते तापमान और लू की गंभीर स्थिति को देखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कलेक्टर श्री गुप्ता द्वारा जारी आदेश के तहत जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त एवं सीबीएसई विद्यालयों में नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 30 अप्रैल तक अवकाश घोषित किया गया है। प्रशासन द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि अत्यधिक गर्मी के कारण छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। हालांकि शेष कक्षाएं एवं समस्त शिक्षकों का समय पूर्ववत यथावत रहेगा। जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार विद्यालयों में निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। परीक्षाएं पूर्व निर्धारित समय-सारणी के अनुसार ही आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही मूल्यांकन कार्य भी अपने तय समय पर ही संपन्न किए जाएंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है, जिससे विद्यार्थियों को भीषण गर्मी और लू के प्रभाव से राहत मिल सके। जिला प्रशासन ने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे बच्चों को इस दौरान सुरक्षित वातावरण में रखें और आवश्यक सावधानियां बरतें।

## खबर संक्षेप

### खाद-बीज संघ का आज सांकेतिक बंद, रैली निकाल सौंपेंगे ज्ञापन

विदिशा। कृषि आदान विक्रेता संघ ने व्यापार क्षेत्र में आ रही विभिन्न समस्याओं के विरोध में आज सोमवार को संपूर्ण भारत में एक दिवसीय सांकेतिक बंद का आह्वान किया है। संघ अध्यक्ष राजीव पीतलिया ने बताया कि महाराष्ट्र में अनिश्चितकालीन बंद जारी है, जबकि उसके समर्थन में विदिशा जिले के सभी कृषि आदान व्यवसायी पूर्णतः बंद रखेंगे। संघ के प्रवक्ता अरुण पाराशर के अनुसार व्यापारी सुबह 10 बजे गांधी चौक नीमताल पर काले वस्त्र धारण कर एकत्रित होंगे और 11 बजे रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे, जहां प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन देंगे।

### उदयगिरि में अपर कलेक्टर ने स्वगणना अभियान चलाया

विदिशा। जिले के उदयगिरि एवं रगंई क्षेत्र में जनगणना कार्य को सफल बनाने हेतु अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने जनजागरूकता भ्रमण किया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर स्वगणना की प्रक्रिया समझाई और ऑनलाइन पोर्टल पर स्वयं जानकारी दर्ज करने के लिए प्रेरित किया। भ्रमण के दौरान प्रगतिशील कृषक थान सिंह यादव सहित अन्य ग्रामीणों का पंजीयन मौके पर कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि जनगणना के आंकड़े शासकीय योजनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण होते हैं। इस दौरान जनप्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### समापन पर निकाली महिला साइकिल रैली

विदिशा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के तहत जिला खेल परिसर स्टेडियम से महिला साइकिल रैली निकाली गई। सुबह 7 बजे शुरू हुई रैली में बड़ी संख्या में बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया। जिला खेल अधिकारी प्रदीप सिंह रावत ने बताया कि पखवाड़े के दौरान महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जनप्रतिनिधि, व्यायाम शिक्षक, खेल संघ पदाधिकारी एवं खिलाड़ी भी मौजूद रहे। रैली ने समाज में महिला सशक्तिकरण और खेलों में बढ़ती भागीदारी का संदेश दिया।

### इंद्रा जैन का देवलोक गमन, आज निकाली जाएगी अंतिम यात्रा

विदिशा। स्वर्गीय देवेन्द्र कुमार सिंघई (एसएटीआई) की बहन तथा



शैलेन्द्र सिंघई एवं गौरव सिंघई की बुआजी कुमारी इंद्रा जैन का रविवार को देवलोक गमन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा आज सोमवार को सुबह 10:30 बजे उनके निज निवास पुराने सरकारी हॉस्पिटल के पीछे, स्वर्णकार कॉलोनी से मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

## बिजली समस्याओं को लेकर किसान संघ के साथ हुई बैठक, शीघ्र समाधान का आश्वासन

# वोल्टेज समस्या, ढीले तार और क्षतिग्रस्त केबल पर उठी आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

बिजली कंपनी कार्यालय में रविवार को किसानों की समस्याओं को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसान संघ के पदाधिकारियों और विद्युत विभाग के अधिकारियों के बीच चर्चा हुई।

बैठक की अध्यक्षता बिजली कंपनी जीएम अनूप सक्सेना ने की। इस दौरान विदिशा एवं गंजबासोदा के उपमहाप्रबंधक सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं भारतीय किसान संघ के प्रांतीय मंत्री दिनेशबाबू दुबे, संभाग अध्यक्ष बिशनसिंह बघेल, जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रशांत जैन, जिला मंत्री महेंद्रसिंह रघुवंशी, जिला कोषाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव सहित विभिन्न तहसीलों के पदाधिकारी मौजूद रहे। किसान संघ ने ग्रामीण क्षेत्रों में कम वोल्टेज, खेतों में ढीले तार, झुके हुए पोल, नीचे लटकती विद्युत लाइनें और क्षतिग्रस्त केबल जैसी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। यह जानकारी दीपक शर्मा ने दी है।

### किसानों ने 10 घंटे बिजली देने मांग रखी

बैठक के दौरान किसानों ने साथ ही शासन द्वारा निर्धारित 10 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग भी रखी गई। विद्युत कंपनी ने बैठक में नए उपकेंद्रों की स्थापना, पावर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि और अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने जैसी स्वीकृत योजनाओं की जानकारी दी। अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि प्रस्तावित कार्य पूर्ण होने के बाद वोल्टेज सहित अन्य समस्याओं में सुधार होगा। बैठक को ग्रामीण विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने की दिशा में सकारात्मक पहल माना जा रहा है।

### सिंध-सगड़ उदगम स्थल का निरीक्षण किया

विदिशा। लटेरी के निकट गोपी तलई स्थल पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सिंध एवं सगड़ नदियों के उद्गम स्थलों का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने उद्गम स्थलों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। निर्णय लिया गया कि आगामी एक माह में नदी का चौड़ीकरण किया जाएगा। जुलाई में दोनों किनारों पर पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। कार्य जनसहयोग से कलेक्टर विदिशा के मार्गदर्शन में होगा। निरीक्षण में नगर परिषद अध्यक्ष, एसडीएम, सीएमओ, तहसीलदार व वन विभाग अमला मौजूद रहा।

## मेडिकल कॉलेज में प्रथम मिडटर्म ऑर्थोपेडिक्स संगोष्ठी आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मेडिकल कॉलेज में मध्यप्रदेश की पहली मिडटर्म ऑर्थोपेडिक्स संगोष्ठी आयोजित की गई।

200 से अधिक पंजीकरण के साथ कार्यक्रम में चिकित्सकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति दर्ज की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. मनीष निगम एवं विशिष्ट अतिथि मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. अविनाश लघावे रहे। प्रदेश के बाहर से आए विशेषज्ञ डॉ. आरएम चांदक, डॉ. पारस गुप्ता, डॉ. सिद्धार्थ जैन एवं डॉ. सुमेध चौधरी ने व्याख्यान एवं केस प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किए। साथ ही प्रदेशभर से आए 24 वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और समृद्ध बनाया।

इस आयोजन का नेतृत्व डॉ. अतुल वर्शनेय ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन ने किया, जबकि डॉ. संजय उपाध्याय ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी ने संचालन में प्रमुख भूमिका निभाई। डॉ. सनत सिंह, डॉ. सुनील किरार एवं अन्य फैकल्टी सदस्यों के समन्वय से कार्यक्रम संपन्न हुआ। संगोष्ठी में आधुनिक उपचार पद्धतियों एवं जटिल मामलों पर चर्चा हुई, जो चिकित्सकों के लिए ज्ञानवर्धक रही।

### जेल में लोक अदालत, 3 प्रकरणों का निराकरण

विदिशा। रविवार को जिला जेल में विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य विचाराधीन बंदियों के राजीनामा योग्य प्रकरणों का त्वरित और सौहार्दपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम का वर्चुअल शुभारंभ सेंट्रल जेल ग्वालियर से किया गया, जिसे प्रदेशभर की जेलों में प्रसारित किया गया। विदिशा में आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शेख सलीम की उपस्थिति में संपन्न हुआ। विशेष लोक अदालत में 3 आपराधिक प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। खंडपीठ में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रमाकांत भारके एवं अधिवक्ता मदनकिशोर शर्मा शामिल रहे। इस अवसर पर न्यायाधीश ने जेल का निरीक्षण कर बंदियों की समस्याएं भी सुनीं।

### मिर्गी की बीमरी से पीड़ित युवक ने दी जान

विदिशा। शमशाबाद थाना क्षेत्र की सेपरा कॉलोनी में 24 वर्षीय वीर सिंह बंजारा ने जहरीला पदार्थ (सल्फास) खा लिया, जिससे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शनिवार को हालत बिगड़ने पर परिजन उसे विदिशा मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां रविवार सुबह उसने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों के अनुसार वीर सिंह 15 वर्षों से मिर्गी से पीड़ित था और बीमारी के कारण शादी न होने से मानसिक तनाव में रहता था। वह पहले भी आत्महत्या की धमकी दे चुका था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## शराब दुकान के सामने चाकूबाजी में बुजुर्ग की हत्या

### कबाड़ को लेकर विवाद बढ़ा, पेट में वार से मौके पर मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ग्यारसपुर



ग्यारसपुर थाना क्षेत्र में रविवार को मामूली विवाद ने हत्या का रूप ले लिया। सोनकर पेट्रोल पंप के पास स्थित एक कलारी के सामने 60 वर्षीय भागवत लोधी निवासी मोहनपुर, की चाकू मारकर हत्या कर दी गई।

कबाड़ बीनने को लेकर हुए विवाद में कहासुनी बढ़ गई, जिसके बाद आरोपी ने अचानक चाकू निकालकर उनके पेट पर वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अत्यधिक रक्तस्राव से उनकी जान चली गई। थाना प्रभारी गोकुल प्रसाद अजनेरिया व उप निरीक्षक धीरज सिंह गुर्जर मौके पर पहुंचे। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने बताया कि आरोपी ग्राम पंचायत में सफाई कर्मी है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

### मप्र लेखक संघ की बैठक हुई, पुनर्गठन की तैयारी

विदिशा। मध्यप्रदेश लेखक संघ की विदिशा इकाई की मासिक बैठक वर्तमान जिला अध्यक्ष विजय चतुर्वेदी के डंडापुरा स्थित निवास पर आयोजित हुई। बैठक में विजय चतुर्वेदी, गोविंद देवलिया, मनोज पाण्डे, पं. सुशील शर्मा 'सरल', शिवकुमार तिवारी, संतोष नामदेव, मुकेश शर्मा, सुरेशबाबू पाठक एवं दीपक तिवारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी गठन हेतु सात सदस्यीय टीम बनाई गई, जो शीघ्र पुनर्गठन करेगी। नई कार्यकारिणी नियमित साहित्यिक गोष्ठियों और साहित्य प्रोत्साहन गतिविधियों को सक्रिय रूप से संचालित करेगी।

## विधायक प्रीमियम लीग-2 का धमाकेदार फाइनल लक्ष्य इलेवन ने रोमांचक अंदाज में जीता खिताब

### नागेंद्र लोधी का तूफानी शतक, 19.3 ओवर में 205 रन बनाकर दिलाई जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



कुशाभाऊ खेल परिसर में आयोजित विधायक प्रीमियम लीग सीज़न-2 (2026) का फाइनल मुकाबला रोमांच से भरपूर रहा। डे-नाइट लेदर बॉल टूर्नामेंट के इस निर्णायक मैच में आखिरी ओवर तक सस्पेंस कायम रहा।

पहले बल्लेबाजी करते हुए श्री गिरिराज वॉरियर्स ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 201 रन बनाए। शिवांश शर्मा ने 71 (46 गेंद) और विशेष किरार ने 75 (47 गेंद) की शानदार पारियां खेलीं। 202 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लक्ष्य इलेवन की ओर से नागेंद्र लोधी ने 57 गेंदों में नाबाद 114 रन ठोककर मैच का रुख पलट दिया। उनकी पारी में 12 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। कुनाल सूर्य (23*) के साथ टीम ने 19.3 ओवर में 205 रन बनाकर 6 विकेट से जीत दर्ज की। समापन पर विधायक मुकेश टंडन सहित अतिथियों ने विजेता लक्ष्य इलेवन को 1 लाख और उपविजेता को 50 हजार की राशि व ट्रॉफी प्रदान की।

## हैलो...मैं नाबालिग हूं और घर वाले जबरन शादी कर रहे हैं मुझे बचा लो

### किशोरी ने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर कॉल कर बचाई अपनी ज़िंदगी, प्रशासन ने रोका बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

जिले में एक प्रेरणादायक मामला सामने आया है, जहां 17 वर्षीय नाबालिग बालिका ने साहस दिखाते हुए स्वयं अपने बाल विवाह को रुकवा दिया। बालिका ने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर कॉल कर सहायता मांगी, जिसके बाद महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विवाह रुकवा दिया। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता कासवा ने बताया कि 25 अप्रैल को भोपाल स्थित हेल्पलाइन से सूचना प्राप्त हुई। जांच में पता चला कि गूलरखेड़ी, गुलाबगंज में 26 अप्रैल को बालिका का विवाह राहतगढ़ (जिला सागर) निवासी युवक से तय था। बालिका ने थाने में स्पष्ट कहा कि वह नाबालिग है और अपनी इच्छा के विरुद्ध विवाह नहीं करना चाहती।

जन्मतिथि सत्यापन में उसकी आयु 17 वर्ष 9 माह पाई गई। परिजनों से लिखित सहमति लेकर विवाह निरस्त कराया गया। बालिका ने बताया कि स्कूल में प्रदर्शित हेल्पलाइन नंबर से उसे जानकारी मिली थी। यह घटना जागरूकता और साहस का सशक्त उदाहरण है।

## कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्चुअल किया अभिभाषक संघ के नवीन भवन का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा




विदिशा। कार्यक्रम में अभिभाषक संघ के पदाधिकारी सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

जिला अभिभाषक संघ विदिशा के नवीन अभिभाषक भवन के भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन उत्साह से हुआ। देश के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान वर्चुअल माध्यम से जुड़े। उन्होंने मौजूद अधिवक्ताओं को संबोधित किया। भवन निर्माण के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विदिशा विधायक मुकेश टंडन नपा अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा एवं तोरण सिंह दांगी शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि नवीन अभिभाषक भवन बनने से अधिवक्ताओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। काम का माहौल सुधरेगा। न्यायिक प्रक्रिया अधिक प्रभावी होगी। प्रक्रिया सुगम होगी। न्यायालयीन कार्यों की गुणवत्ता में सुधार आएगा। आम नागरिकों को भी लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में आर्थिक सहयोग की घोषणा भी हुई। सांसद निधि से 10 लाख रुपए देने की बात कही गई। विधायक निधि से 9 लाख 50 हजार रुपए देने की बात कही गई। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता नथन सिंह राजपूत, अभिभाषक संघ अध्यक्ष संतोष शर्मा, एड प्रभुदयाल यादव, सचिव राजेंद्र सिंह दांगी आदि मौजूद रहे।

### दसवीं में 80% से अधिक अंक लाने वाले 114 विद्यार्थियों को सम्मानित किया

# ओलंपस हाई स्कूल ने मेधावी विद्यार्थियों को 24 लाख 18 हजार 400 रुपए की स्कॉलरशिप बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



विदिशा। मेधावी छात्रों को ट्रॉफी का प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

ओलंपस हाई स्कूल द्वारा कक्षा दसवीं में एमपी बोर्ड एवं सीबीएसई बोर्ड से 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी (आईपीएस) रहे। विशिष्ट अतिथि जॉइंट डायरेक्टर डीपीआई एचएन नेमा एवं व्यापार महासंघ अध्यक्ष राजेश जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी ने स्वागत भाषण देते हुए विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों का उल्लेख किया।

मुख्य अतिथि विदिशा एसपी रोहित काशवानी ने विद्यार्थियों को अनुशासन, समर्पण और धैर्य के साथ आगे बढ़ने का संदेश देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थापक यशपाल रघुवंशी ने बताया कि शहर के विभिन्न विद्यालयों के 114 विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। अकादमिक डायरेक्टर प्राची रघुवंशी के अनुसार कक्षा 11वीं एवं 12वीं में अध्ययन जारी रखने 100 से अधिक विद्यार्थियों को 15 हजार से 72 हजार रुपये तक की स्कॉलरशिप प्रदान की गई, जिसकी कुल राशि 24 लाख 18 हजार 400 रुपए रही। प्राचार्या प्रियंका सिंह ने बताया कि विद्यालय की टॉपर खुशी रघुवंशी 95.8% एवं भूमि रघुवंशी 95% सहित 9 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक और 17 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किए। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं शिक्षकों का सम्मान भी किया गया।

## खबर संक्षेप

### तेज आंधी के साथ हुई बारिश



**गंजबासौदा।** रविवार को आसमान पर छाए बादलों के बीच दोपहर बाद तेज आंधी चली और इसके बाद नगर एवं आसपास तो बूंदाबांदी हुई, लेकिन त्योंदा क्षेत्र में आंधी के साथ बारिश कई मकानों के टीनशेड उड गए। वहीं कई पेड़ उखड़ गए और मूंग की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। खुले में चना मसूर की तलाई की जा रही है वहां भी किसानों को नुकसान हुआ है।

### निशुल्क शिविर में हुई 65 मरीज की जांच



**गंजबसौदा।** गांधी चौक स्थित श्यामणी चिकित्सालय में रविवार को निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ समाज सेवी बसंत शर्मा ,नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान क़े अध्यक्ष सुनील बाबू पिंगले , विजय शर्मा की उपस्थिति में हुआ । विदिशा से आई महिला रोग विशेषयग अपर्णा शर्मा ,वैध्य राज निहाल सिंह पंथी एवम डा. अशोक रोहले ने विभिन्न रोगों से ग्रसित 65 मरीजों का निःशुल्क परिक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाई का वितरण किया। इस शिविर में सामिद भाई राजस्थान वाले ने अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया। बसंत शर्मा एवं सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि पीडित मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने डॉ रोहले ,सामिद भाई, डा. अर्पणा शर्मा ,वैद्यराज निहाल सिंह पंथी की सराहना हुए कहा कि आगामी दिनों में ग्रामीण इलाकों में इसी तरह क़े कैंप लगाए जायेंगे ताकि निर्धन एवम असहाय लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल सके। शिविर में अंशुल रोहले ,विजय अरोरा, आशीष रघुवंशी सहित अनेक नागरिक उपस्थित थे।

# सूने घर पर चोरों ने बोला धावा, लाखों का माल किया साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





बीती रात अज्ञात चोरों ने वार्ड क्रमांक 1 चंद्रप्रभु नगर में एक सूने घर में धावा बोल दिया। चोर इस घर से लाखों रूपए के नकदी और आभूषण चुरा ले गए। रविवार की सुबह पडोसियों ने ताले टूटे देखकर घर मालिक और पुलिस को सूचित किया। सूचना के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 1 चंद्रप्रभु नगर निवासी रिक्की जैन के परिवार में शादी है और यह शादी निसई जी सिरोंज से हो रही है। इसी शादी की तैयारियों के सिलसिले में गत दिवस पूरा परिवार निसई जी सिरोंज गया था। इस बीच सूने आवास को देखकर रात में अज्ञात चोरों ने वहां धावा बोल दिया और घर से ताले तोडकर वहां से नकदी, आभूषण सहित लाखों रूपए कीमत की सामग्री चुरा ले गए। रविवार की सुबह जब पडोसियों ने घर के ताले टूटे देखे तो परिजनों को सूचित किया। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। मौके पर पहुंचे परिजनों और पुलिस ने घर का मौका मुआयना किया और चोरी गई सामग्री की जांच की। बाद में पुलिस ने फरियादी रिक्की जैन की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है और चोरों की तलाश शुरू कर दी है। बताया जाता है कि पुलिस ने कुछ संदिग्धों को भी पूछताछ के लिए बुलाया और उम्मीद की जा रही है कि पुलिस शीघ्र ही इस चोरी का खुलासा करते हुए चोरों को गिरफ्तार कर लेगी। उधर परिजनों के अनुसार चोर घर से डेढ लाख रूपए नकद सहित 6 तोला सोने के आभूषण चुरा ले गए हैं।

# अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महासभा द्वारा मां जानकी जन्मोत्सव आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महासभा की जिला विदिशा महिला विंग द्वारा मां जानकी का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रकृति और नारी शक्ति को समर्पित इस कार्यक्रम में भक्ति साहित्य और पर्यावरण संरक्षण का अंगूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लेखिका नीतेश रघुवंशी द्वारा रचित पुस्तक सीतायण का विमोचन रहा। इस कृति के माध्यम से मां सीता के जीवन आदर्शों को आधुनिक संदर्भ में प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर प्रकृति प्रेम और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाली कर्मठ महिलाओं बबीता सांकलखेड़ा, मुन्नी हिनोतिया को धरणीसुता सम्मान से नवाजा गया। आयोजन पूरी तरह से प्रकृति को समर्पित रहा जहां उपस्थित जनसमूह को पर्यावरण बचाने का संकल्प दिलाया गया। मंच संचालन रजनी रघुवंशी ने किया। कार्यक्रम में बच्चों ने नारी शक्ति पर आधारित ओजस्वी कविताएं प्रस्तुत कीं। वहीं महिलाओं ने काव्य के माध्यम से अपने अंतरमन के भावों को साझा किया, जो बेहद प्रेरणादायक रहा। वहीं कवयित्री नीतेश रघुवंशी और रिंकी रघुवंशी ने स्वरचित गीत और मुक्तक सुनाकर समां बाँध दिया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रिंकी कमल रघुवंशी ,जिला कार्यकारणी अध्यक्ष ज्योति कपिल रघुवंशी, पार्वती गगनेंद्र रघुवंशी, राधिका, संगीता कागपुर ,सिया रघुवंशी, राजकुमारी घटवार, निशा स्वदीप, प्राची जितेंद्र ,प्राची रविन्द्र ,जयश्री, कामनी, गायत्री,नीलू यशपाल एवं रघुवंशी समाज की मातृशक्ति बड़ी संख्या में सम्मिलित हुईं।

## आश्रम में 41 फीट के शिवलिंग की झांकी सजाई, 30 तक चलेगा कार्यक्रम

# सबसे ज्यादा विकृत आज व्यक्ति का मनः ब्रह्मकुमारी रेखा दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा






प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र द्वारा एक आध्यात्मिक और भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन गत दिवस विधायक हरि सिंह रघुवंशी , नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड धारी आशीष भाई एवं शहर के गण मन नागरिकों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर निराकार ज्योति-स्वरूप परमपिता परमात्मा त्रिमूर्ति शिव की आरती के साथ किया गया किया गया। जिसमें ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि परमपिता परमात्मा शिव का ध्वज सुख और शांति की किरणे गंजबासौदा में बिखेर रही है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ही है परमात्मा शिव का सत्य स्वरूप को जान उसे याद करें, तभी हमसे जाने अनजाने में जो पाप, विक्रम हुए हैं वह नष्ट होंगे। जबकि शिव कोई देहधारी देवता नहीं, बल्कि ज्योति बिंदु स्वरूप, सर्वशक्तिमान, निराकार परमपिता हैं, जो कलयुग के अंधकार में ज्ञान का प्रकाश देने अवतरित होते हैं क्योंकि सबसे ज्यादा विकृत आज व्यक्ति का मन है अगर हम एक अच्छी बात अपना ले तो मन शान्त व चरित्र उज्जवल हो जायेगा। अगर हम सबको सुख देने का संकल्प ले तो सृष्टि देव तुल्य बन जाएगी, क्योंकि हम सुखदाता के बच्चे सुखदेव है। नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव ने अपने उद्बोधन में कहा ब्रह्माकुमारीज जैसी आध्यात्मिक संस्थाओं के द्वारा ही हम शहर का विकास कर बुराईयों से मुक्त कर सकते हैं क्योंकि यही एक ऐसी संस्था है जो मनुष्य आत्मा को नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर ले जाने में सफल हो रही है। ब्रह्माकुमारीज के द्वारा सिखाया गया मेडिटेशन मानव जीवन को परिवर्तित करता है। आपने अपने उद्बोधन में कहा कि आश्रम परिसर में आते ही गहन शांति की अनुभूति महसूस होने लगती है। इस अवसर पर सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने कहा कि परमपिता से परमात्मा को धरा पर आए 90 वर्ष हो चुके हैं परमात्मा सिर्फ टोटल 100 वर्षों में विश्व परिवर्तन का पूरा कार्य करते हैं अर्थात अभी शेष 10 वर्ष में विश्व परिवर्तन का पूरा कार्य भगवान शिव करने वाले हैं। इसलिए 41 फीट के विशाल शिवलिंग के सभी को दिव्य दर्शन कराए जा रहे हैं । अंत में कोई यह ना कहे कि भगवान आप धरा पर आए और हमें पता भी नहीं चला। विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने कार्यक्रम के प्रति शुभ भावनाएं रखते हुए कहा कि आप बहनों के सभी कार्यक्रम सराहनीय होते हैं। आप समाज को सही दिशा दिखाने का कार्य कर रहे हैं हमसे इसमें जो भी सहयोग बनता है पूरा प्रयास करेंगे और में शिव बाबा के सामने क्या बोलूं कराने वाला तो वही है। कार्यक्रम में एसडीओपी शिखा भलावी ने भी अपने विचार रखे। नंदिनी दीदी ने कार्यक्रम के आगे की रूपरेखा बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम 30 अप्रैल तक चलेगा, जिसका समय शाम 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक है। जिसमें देवी देवताओं की सुसज्जित झांकी सांस्कृतिक कार्यक्रम शिक्षा प्रद नाटक आदि की प्रस्तुति भी होगी।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए मॉर्निंग वॉक ग्रुप ने किया श्रमदान, पौधों के चारों ओर बनाए पानी के लिए थाला



**गंजबासौदा।** शासकीय संजय गांधी कॉलेज (काला बाग) परिसर में रविवार को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनुकरणीय पहल देखी गई। यहाँ सुबह भ्रमण पर आने वाले 'मॉर्निंग वॉक ग्रुप' के सदस्यों ने पंचतत्व संरक्षण समिति द्वारा रोपे गए पौधों को आगामी भीषण गर्मी से बचाने के लिए सामूहिक श्रमदान किया। विदित हो कि पंचतत्व समिति पिछले 6 वर्षों से कॉलेज परिसर में जनसहयोग के माध्यम से लगभग 80 पौधों का रोपण कर चुकी है। इन पौधों को जीवित रखने और उनके संरक्षण का जिम्मा प्रमोद सिंह राजपूत, बृजेंद्र दांगी,जसवंत दांगी, गोपाल दांगी, बब्लू दांगी, धर्मेंद्र दांगी बलवीर दांगी, नरेश दांगी, अरुण दांगी और रमन दांगी ने पूरी निष्ठा के साथ उठा रखा है। समिति के सदस्य बृजेंद्र दांगी ने बताया कि गर्मी के मौसम में पौधों की जड़ों के पास पानी का सही भराव और सुरक्षा के लिए मिट्टी के 'थाल' (घेरे) बनाना अत्यंत आवश्यक होता है जिससे पौधों में ज्यादा समय तक नमी बनी रहे। इस कार्य को गति देने के लिए मॉर्निंग वॉक ग्रुप के सदस्यों ने मैदान की मिट्टी खोदकर और ट्रॉली के माध्यम से पौधों तक पहुँचाकर उन्हें सुरक्षित किया। इस घेराबंदी थाल में अधिक पानी भरा जा सकता है। अभी पौधें लगभग 10 फीट तक लंबे हो गए हैं। श्रमदान के इस पुनीत कार्य में राजाराम रघुवंशी, जगदीप सिंह राजपूत, अखिलेश सिंह राजपूत, संतोष सेन, चतरसाल कुशवाह, महेश रघुवंशी, सुरेंद्र रघुवंशी, दिनेश नामदेव , सुनील यादव, मनमोहन सचान, अजब सिंह प्रजापति, राजेंद्र बघेल, निशांत चौरसिया, हाकम सिंह राजपूत, बलवीर दांगी, धनराज सोनी, प्रभात श्रीवास्तव और जितेंद्र पाराशर सहित समूह के सभी सदस्यों का सक्रिय योगदान रहा।

### आदि गुरु शंकराचार्य के जीवन पर विकासखंड स्तरीय व्याख्यान माला का आयोजन




**गंजबासौदा।** आदि गुरु शंकराचार्य की जयंती के पावन अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में रुद्राक्ष ह्यूमन वेलफेयर सोसायटी एवं आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में विकासखंड स्तरीय व्याख्यान माला कार्यक्रम का आयोजन एसजीएस महाविद्यालय के सभा कक्ष में सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में स्टेट सांख्यिकी विभाग पुलिस मुख्यालय के प्रधान आरक्षक एवं कथावाचक गिरजेश मिश्रा उपस्थित रहे, जिन्होंने आदि गुरु शंकराचार्य जी के जीवन, उनके अद्वैत वेदांत दर्शन तथा समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान पर विस्तृत एवं प्रेरणादायक व्याख्यान प्रस्तुत किया। उनके उद्बोधन ने उपस्थित सभी श्रोताओं को भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक ज्ञान के महत्व से अवगत कराया।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में नवांकुर संस्था मां शीतला ह्यूमन डेवलपमेंट सोसाइटी हजारीलाल पाटस्कर, रुद्राक्ष सोसाइटी से देवेंद्र साहू, आवरण सोसाइटी से अमित शर्मा एवं परामर्शदाता जगदीश प्रसाद साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता की और कार्यक्रम को सफल बनाया। अंत में सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।यह कार्यक्रम आदि गुरु शंकराचार्य जी के विचारों के प्रसार के साथ-साथ युवाओं को भारतीय संस्कृति एवं दर्शन से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

### यातयात पुलिस ने 20 वाहन चालकों पर कार्रवाई की



**गंजबासौदा।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरपत सिंह लोधी मय स्टाप द्वाराविशेष चेकिंग के दौरान दो पहिया वाहन चालक हेलमेट धारण किए हुए पाए गए उनको पुष्प देकर प्रोत्साहित किया गया एवं आगे भी नियमों का नियमित पालन करने हेतु जागरूक किया गया तथा जो दो पहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के वाहन चलाते पाए गए उन वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई। वाहन चलाते पाए गए नाबालिगों के परिजनों को मौके पर बुलाकर समझाइश दी गई तथा भविष्य में पुनरावृत्ति न करने की सख्त चेतावनी दी गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 20 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 6900का शमन शुल्क वसूला गया।

# संतों के आह्वान पर गो माता के लिए देश भर में चलाया जा रहा है आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

संतों के आह्वान पर पूरे देश में चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी गो सेवा अभियान के अंतर्गत गोहत्या पर प्रतिबंध लगाने, गोमाता को राष्ट्र माता घोषित करने के साथ साथ गोके सम्मान, सुरक्षा और संरक्षण की मांग को लेकर सोमवार 27 अप्रैल को शहर एकजुट नजर आएगा। सुबह 10 बजे स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर से संकीर्तन के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु तहसील कार्यालय पहुंचेंगे, जहां राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित शीर्ष पदों के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपा जाएगा। इस दौरान जनप्रतिनिधियों के साथ धार्मिक, राजनीतिक, व्यापारिक और सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी-प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में गौ-भक्त और सनातन प्रेमी शामिल रहेंगे।

मालूम हो कि गोसेवा अभियान को लेकर नगर में पिछले कई दिनों से व्यापक जनसंपर्क और जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहें हैं। कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर पीले चावल देकर नागरिकों को आमंत्रित किया। शहर के प्रमुख स्थानों पर सेल्फी प्वाइंट बनाए गए, वहीं घर-घर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। शुरुआत में 15 हजार हस्ताक्षरों का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन जनसमर्थन इतना व्यापक रहा कि यह आंकड़ा बढ़कर 21 हजार तक पहुंच गया है। आयोजकों के अनुसार यह आंदोलन वर्ष 2027 तक चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में संचालित किया जाएगा जब तक गोमाता को उसका सम्मान ना मिल जाए। इसका पहला चरण पूरे देश भर में तहसील स्तर पर एक साथ शुरू हो रहा है।

इसके पश्चात तीन माह बाद जिला स्तर पर और फिर अगले तीन माह बाद राज्य की राजधानियों में आंदोलन को और व्यापक स्वरूप दिया जाएगा। ज्ञापन में गोमाता को 'राष्ट्र माता' का दर्जा देने, देशभर में गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा गोसंरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रभावी कानून लागू करने की मांग प्रमुख रूप से रखी जाएगी। आयोजकों का कहना है कि यह अभियान केवल आस्था से जुड़ा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से भी गहराई से जुड़ा विषय है।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 24 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की

# पुलिस ने वाहन चेकिंग व जागरूकता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज





इस बार की भीषण गर्मी सारे रिकॉर्ड तोड़ रही है सिरोंज शहर में तापमान 45 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है। इतनी तेज गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। वैसे तो गर्मी की वजह से सड़क पर सन्नाटा नजर आता है. लेकिन कामकाजी लोगों की विवशता है कि उन्हें चिलचिलाती गर्मी और धूप में भी घर से बाहर निकलना पड़ता है।

भीषण गर्मी के बावजूद कई लोग अपनी आजीविका कमाने के लिए मजबूर होकर भरी दोपहरी में काम कर रहे हैं। रविवार को जब शहर के प्रमुख हिस्से वीरान नजर आ रहे थे, तब भी यातायात पुलिसकर्मी और विक्रेता खुले में काम कर रहे थे, इसे केवल एक और सामान्य दिन के रूप में मानते हुए। इन लोगों के लिए गर्मी का सामना करना उनके दैनिक जीवन का हिस्सा बन गया है। जैसे कि एक माली पौधों की देखभाल करता है ताकि वह पौधे गर्मी में हरे-भरे रहें। वैसे ही यातायात पुलिसकर्मी यातायात नियमों का पालन कराने सडकों पर खडें हुए है। जिससे शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। विक्रेता अपना सामान बेचने के लिए फुटपाथों और बाजारों में खड़े थे, ताकि वे अपने परिवार की रोजी-रोटी कमा सकें। चिलचिलाती गर्मी में भी शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए सड़कों पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के पास न तो कोई छाता है और न ही कोई छत यातायात प्रभारी रीतेश बघेला व उनकी पूरी टीम खुले आसमान के नीचे भीषण गर्मी में सडको पर खडें होकर नागरिको को यातायात नियमों का पालन करा करें है।साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 24 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई, जिसमें कुल 13,100 का समन शुल्क वसूला गया।

### सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरुक

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और जीरो रोड फैटलिटी के लक्ष्य को हासिल करने हेतु यातायात पुलिस निरंतर सक्रिय है। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे तथा एसडीओपी सिरोंज सोनू डाबर के मार्गदर्शन में सिरोंज पुलिस द्वारा विशेष यातायात चेकिंग एवं जागरूकता अभियान संचालित किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी विमलेश कुमार राय एवं यातायात प्रभारी सूबेदार रितेश वागेला के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा इकरा पब्लिक स्कूल में पहुंचकर विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान बच्चों को सड़क सुरक्षा दूत बनने शपथ स्वयं भी नियमों का पालन करें और दूसरों को भी प्रेरित करें।

### सड़क सुरक्षा का संदेश पहुंचाना हमारा उद्देश्य

वही आपात स्थिति में नागरिकों के अधिकार को लेकर यातायात प्रभारी रीतेश बघेला द्वारा शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी गई। जिसमें उन्होने बताया कि राह-वीर योजना घायलों की मदद करने वाले गुड सेमेरिटन को कानूनी सुरक्षा और सम्मान। कैशलेस उपचार गोल्डन ऑवर (दुर्घटना के पहले 1 घंटे) में बिना पैसों की चिंता किए तुरंत इलाज। हिट एंड रन प्रतिकर अज्ञात वाहन की टक्कर से प्रभावित पीड़ितों को त्वरित आर्थिक मुआवजा। वही उन्होने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि हर नागरिक तक सड़क सुरक्षा का संदेश पहुंचाना है। स्कूली बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही यातायात पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे स्वयं नियमों का पालन करें तथा बच्चों को भी सुरक्षित यातायात व्यवहार के लिए प्रेरित करें।

### एक मई से जनगणना ड्यूटी, समर कैंप और एक्स्ट्रा क्लासें भी होंगी आयोजित

# शिक्षकों के साथ 'छल': समर वैकेशन में भी ड्यूटी का पड़ा बोझ, एक साथ तीन जिम्मेदारियां थमाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

पहले समर वेकेशन यानी शिक्षकों को गर्मियों की छुट्टी मिलती थी। फिर बाद में शिक्षकों की छुट्टियां 45 दिन की कर दी गई। कुछ सालों में 40दिन और अब 31दिनों की छुट्टियां कर दी है। शिक्षकों ने भी इससे संतोष कर लिया है।जिले में एक मई से घोषित समर वैकेशन के बीच शिक्षकों पर काम का दबाव कम होने के बजाय और बढ़ता नजर आ रहा है। जिला शिक्षा विभाग जिला शिक्षा केंद्र कार्यालय के आदेशों ने शिक्षकों के बीच असंतोष की स्थिति पैदा कर दी है। एक ओर जहां गर्मी की छुट्टियों का ऐलान किया गया है।वहीं दूसरी ओर शिक्षकों को एक साथ कई महत्वपूर्ण कार्यों में लगा दिया गया है। इससे शिक्षक खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, एक मई से जहां समर वैकेशन लागू हो रहा है। वहीं इसी तारीख से शिक्षकों की जनगणना कार्य में ड्यूटी लगा दी गई है। इसके साथ ही विभाग ने समर कैंप आयोजित करने और विद्यार्थियों के लिए एक्स्ट्रा क्लासेस संचालित करने की जिम्मेदारी भी शिक्षकों को सौंप दी गई है। यानी छुट्टियों के नाम पर राहत के बजाय शिक्षकों को लगातार काम में व्यस्त रहना पड़ेगा।

स्थिति यहीं तक सीमित नहीं है। दो मई से कक्षा 10वीं और 12वीं की एमपी बोर्ड परीक्षाओं की दूसरी परीक्षा भी आयोजित की जा रही है। इन परीक्षाओं में भी शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जा रही है जिससे उनकी जिम्मेदारियां और बढ़ गई हैं। परीक्षा कार्य, मूल्यांकन और परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं में भी शिक्षकों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

इसके अलावा शिक्षकों के सिर पर टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) की संभावित ड्यूटी की तलवार भी लटक रही है। यदि टीईटी परीक्षा की तिथियां घोषित होती हैं। तो उसमें भी शिक्षकों को शामिल किया जाएगा। ऐसे में शिक्षकों के सामने लगातार काम का बोझ बना रहेगा और उन्हें किसी प्रकार का विश्राम नहीं मिल पाएगा।

विभिन्न शिक्षक संगठनों ने भी इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया है। उनका कहना है कि एक साथ कई जिम्मेदारियां देना शिक्षकों के साथ अन्याय है। उन्होंने मांग की है कि समर वैकेशन के दौरान शिक्षकों को अनावश्यक कार्यों से मुक्त रखा जाए और केवल अत्यावश्यक कार्यों के लिए ही सीमित संख्या में ड्यूटी लगाई जाए।

विभागीय अधिकारियों मनीष शर्मा एसडीएम, जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक डीपीसी पीके रैकवार का कहना है कि जनगणना और परीक्षा जैसे कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। जिन्हें समय पर पूरा करना जरूरी है। हालांकि, वे यह भी मानते हैं कि शिक्षकों पर कार्य का दबाव बढ़ा है और इसे संतुलित करने के लिए प्रयास किए जाएंगे। शिक्षकों के बीच असंतोष बढ़ता जा रहा है। स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो आगे यह मुद्दा बड़ा आंदोलन भी बन सकता है।





#### छुट्टियां सिर्फ कागजों में ही रह गई सीमित

*शिक्षकों सीताराम रैकवार उम्मेद सिंह ठाकुर सूर्य प्रकाश सक्सेना हरिराम विश्वकर्मा का कहना है कि एक तरफ सरकार और जिला विभाग उन्हें समर वैकेशन का लाभ देने की बात करते हैं।वहीं दूसरी ओर उसी अवधि में कई तरह की ड्यूटी सौंप दी जाती है। इससे न तो वे अपने परिवार के साथ समय बिता पा रहे हैं और न ही मानसिक रूप से आराम कर पा रहे हैं। कई शिक्षकों ने इसे "छल" करार देते हुए कहा कि छुट्टियां सिर्फ कागजों में ही सीमित रह गई हैं।*

### 8 शाखा प्रबंधकों के तबादले से उठे सवाल

## गेहूं खरीदी के बीच जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में बड़ा फेरबदल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

गेहूं खरीदी के संवेदनशील दौर के बीच जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायसेन में अचानक किए गए बड़े प्रशासनिक फेरबदल ने बैंक की कार्यप्रणाली और प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बैंक के प्रधान कार्यालय से जारी आदेश में एक साथ 8 शाखा प्रबंधकों का स्थानांतरण कर दिया गया है। इसके साथ ही 3 कर्मचारियों की वेतन वृद्धि रोकने और एक शाखा प्रबंधक को निलंबित करने की कार्रवाई भी सामने आई है। इस पूरे घटनाक्रम को बैंक के भीतर बढ़ते प्रशासनिक संकट और संभावित वित्तीय अनियमितताओं से जोड़कर देखा जा रहा है।

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, प्रधान कार्यालय में पदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा 24 अप्रैल की रात जारी आदेश के बाद बैंक की विभिन्न शाखाओं में व्यापक स्तर पर बदलाव किए गए। यह आदेश ऐसे समय में आया है, जब जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का काम जोरों पर चल रहा है।खरीदी प्रक्रिया के बीच इस तरह के तबादलों से किसानों की भुगतान व्यवस्था और शाखाओं के संचालन पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।



सूत्रों के मुताबिक बैंक में पहले से ही चपरासी द्वारा करीब 55 लाख रुपए के गबन का मामला चर्चा में है। इसी पृष्ठभूमि में अचानक किए गए तबादलों को लेकर बैंक कर्मचारियों और सहकारी क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। सवाल यह उठ रहा है कि खरीदी शुरू होने के करीब दो सप्ताह बाद ही इतनी बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की जरूरत क्यों पड़ी। आदेश के तहत मुख्य कोआपरेटिव शाखा रायसेन से जुड़े कई अधिकारियों को दूसरी शाखाओं में भेजा गया है। कुछ शाखाओं में नए प्रभार सौंपे गए हैं, तो कुछ जगहों पर अनुभवहीन अधिकारियों को जिम्मेदारी देने की बात भी सामने आई है।

## 30 हजार से ज्यादा नागरिक स्वगणना कर चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी




जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण कार्य की जानकारी लेने बाडी पहुंचे कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने बताया कि जिले में अभी तक 30 हजार से ज्यादा नागरिकों ने स्वगणना कर मकान सूचीकरण का कार्य कर लिया है और यह सिलसिला तेजी से जारी है। नागरिक स्वप्रेरणा से इस कार्य में अपनी सहभागिता निभा रहे है।

कलेक्टर श्री विश्वकर्मा रविवार को अपरान्ह करीब 2 बज के 45 मिनट पर बाडी पहुंचे। नगर परिषद कार्यालय परिसर में पेड की छाया में उन्होने जनगणना के प्रथम चरण में जारी मकान सूचीकरण कार्य की जानकारी ली।

उन्होने मकान सूचीकरण कार्य में संलग्न प्रगणकों से भी लेपटाप खुलवाकर गणना कार्य की जांच की व जानकारी प्राप्त की। श्री विश्वकर्मा ने बताया कि स्वगणना कार्य बहुत ही सरल है। इसे सभी नागरिक अपने मोबाइल से आसानी से कर सकते है। जिले में अभी तक 30 हजार से अधिक नागरिक स्वगणना का कार्य कर चुके है। नागरिक स्वप्रेरणा से बेहतरीन सहभागिता निभा रहे है। उन्होने बाडी में किए जा रहे मकान सूचीकरण की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

## गौ सम्मान दिवस पर रैली, बापौली धाम की गाय व नंदी रहेंगे आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

27 अप्रैल सोमवार को गौ सम्मान दिवस मनाने के साथ गाय को राष्ट्र माता का दर्जा देने गौ सम्मान आह्वान अभियान के अन्त्रगत आज बरेली में साधु-संतो की उपस्थिति में रैली निकाल कर एसडीएम को ज्ञापन सोंपा जाएगा। गौ सम्मान दिवस और रैली की हिन्दू संगठनों द्वारा प्रचार प्रसार और संपर्क अभियान चला कर व्यापक तैयारियां की गई है।

पिछले दिनों रायसेन में लगे कृषि मेला में बापौली धाम की गौ माता और नंदी महाराज आकर्षण का केन्द्र और चर्चाओं का विषय बने रहे थे। आज निकलने वाली गौ सम्मान रैली में बापौली धाम की गौ शाला से आई गौ माता और नंदी महाराज आकर्षण का केन्द्र बनेगें। आज सुबह 10 बजे थाना मैदान के काली मंदिर से गौ सम्मान निकाल कर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सोंपा जाएगा।




## बेगमगंज में मोहिनी एकादशी पर गौ माता सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

नगर में कल मोहिनी एकादशी के पावन अवसर पर ऐतिहासिक और भव्य आयोजन की तैयारी की जा रही है। गौ माता सम्मान महाअभियान के तहत पूरे भारत में एक समय पर एक साथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जिसमें बेगमगंज भी प्रमुख केंद्र के रूप में शामिल होगा। इस विशेष आयोजन का केंद्र नगर का ब्लॉक प्रांगण मैदान रहेगा। जहां गौ माता के सम्मान में महाआरती और सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे इस आयोजन में कुटी वाले पूज्य राघव दास जी महाराज एवं प्रसिद्ध कथा वाचक नवीन बिहारी जी सहित नगर के पूज्यनीय संत समाज के साथ गौभक्तों द्वारा गौ माता की भव्य महाआरती की जाएगी।



कार्यक्रम में गौ सेवक, गौ भक्त, बड़ी संख्या में शामिल होंगे। आयोजन को पूरी तरह शांतिपूर्ण और अनुशासित रूप से संपन्न होगा।

अभियान का मुस्लिम समाज द्वारा भी समर्थन करते हुए बड़ी संख्या में गौ सम्मान अभियान के फॉर्म भरकर अपना समर्थन देते हुए हस्ताक्षर किए है। महाअभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण गौ माता को राष्ट्रीय मनमान पहल के रूप में एसडीएम को भारत के राष्ट्रपति के नाम एक प्रार्थना पत्र सौंपा जाएगा।

### एमपीपीएससी परीक्षा केंद्र के बाहर हादसा

## अनियंत्रित कार ने 5 बाइकों को मारी टक्कर, 2 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में रविवार को एमपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र के बाहर एक अनियंत्रित कार ने अचानक पांच मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो लोग घायल हो गए, जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, परीक्षा केंद्रगर्ल्स हासे स्कूल के बाहर अभ्यर्थियों के परिजन बड़ी संख्या में मौजूद थे। इसी दौरान कार चालक ने अचानक तेज एक्सीलेटर दबा दिया, जिससे वाहन अनियंत्रित हो गया। बेकाबू कार एक के बाद एक खड़ी पांच बाइकों से टकरा गई और दो मोटरसाइकिल सवारों को अपनी चपेट में ले लिया।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों के शरीर से खून बहने लगा, जिन्हें तुरंत एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। स्थानीय लोगों ने भी राहत और बचाव कार्य में मदद की।

यह घटना कोतवाली थाना रायसेन क्षेत्र की बताई जा रही है। कोतवाली थाना प्रभारी नरेंद्र गोयल ने बताया कि लापरवाह कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

घटना के बाद परीक्षा केंद्र के बाहर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं, क्योंकि बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों और उनके परिजनों की मौजूदगी के बावजूद यातायात नियंत्रण के पर्याप्त इंतजाम नजर नहीं आए।

## जनगणना के लिए गैरतगंज में 'स्वगणना' अभियान ने पकड़ी रफ्तार, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी संभाली कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

भारत की जनगणना के अंतर्गत तहसील गैरतगंज में 'स्वगणना' अभियान को एक जन-आंदोलन का रूप दिया जा रहा है। नागरिकों को इस डिजिटल पहल से जोड़ने के लिए जहाँ एक ओर जनप्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया, वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने मैदानी स्तर पर उतरकर कार्यों की समीक्षा की।

### बैठक में बनी रणनीति

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अंकित जैन की अध्यक्षता में आयोजित एक विशेष बैठक में स्वगणना की सफलता सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आमजन को स्वयं अपनी गणना करने हेतु प्रेरित करना था। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष श्री जिनेश सिंघई और उपाध्यक्ष श्री अशोक सिंह ठाकुर सहित विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने विश्वास दिलाया कि वे घर-घर जाकर लोगों को इस प्रक्रिया के प्रति जागरूक करेंगे।



अंकित जैन, एसडीएम का कहना है कि स्वगणना न केवल समय की बचत है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण में हमारी सक्रिय भागीदारी का प्रतीक भी है। हमारा लक्ष्य है कि गैरतगंज का हर परिवार इस डिजिटल मुहिम का हिस्सा बने।

### मैदानी स्तर पर सघन निरीक्षण

जिला पंचायत सीईओ कमल सिंह सोलंकी ने गैरतगंज विकासखण्ड का सघन दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम गढ़ी, भानपुरगंज, समनापुरकलां और गैरतगंज शहर में प्रगणकों द्वारा कराए जा रहे कार्यों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

अधिकारियों ने घर-घर जाकर हो रही स्वगणना प्रक्रिया को देखा। सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए स्वगणना कैंपों की कार्यप्रणाली को परखा। श्री सोलंकी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे संवेदनशीलता के साथ नागरिकों की सहायता करें ताकि कोई भी गणना से वंचित न रहे।

### प्रशासनिक अमला सक्रिय

अभियान को गति देने के लिए एसडीएम अंकित जैन ने ग्राम बाबलिया, मुड़ियाखेड़ा, किसनपुर और देवनगर जैसे ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अधिकतम प्रयासों के माध्यम से शत-प्रतिशत स्वगणना सुनिश्चित की जाए। इस अभियान में कार्यपालक मजिस्ट्रेट नरेश सिंह , पूजा जैन, सुधीर उपाध्याय, आलोक राजपूत, संदीप शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### अधिकारी करें नियमित भ्रमण: कलेक्टर

## जनगणना की तैयारियों के लिए हुई बैठक में कलेक्टर ने किया निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

जनगणना 2026-27 का कार्य प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने तैयारियों को लेकर अधिकारियों और प्रगणकों से चर्चा की, साथ ही कार्य से संबंधित रजिस्ट्ररों को स्वयं चैक किया। कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने कहा कि जनगणना सम्वैधानिक जिम्मेदारी का कार्य है। कहा कि जनगणना कार्य राष्ट्र के भविष्य की योजनाओं का आधार होता है इस लिए डेटा संकलन शत प्रतिशत शुद्धता निश्चित की जाए।

अधिकारी करें निरीक्षण- कलेक्टर विश्वकर्मा ने कहा कि अधिकारी अपने क्षेत्रों का नियमित भ्रमण करें। स्वयं फील्ड में उतर कर कार्य की गुणवत्ता की निगरानी होगी, पूरी तरह शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार कार्य सम्पन्न हो। नगर में 58 ब्लाक बनाए गए है। जिनमें 58 प्रगणक जनगणना कार्य कर रहें है। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी सन्तोष मुदगल, जनपद सीईओ दानिश अहमद, हरिशंकर वर्मा आदि की उपस्थिति रही।

### परीक्षा को पूर्ण कराने के लिए अधिकारियों ने किया औचक निरीक्षण

## 6 केंद्रों पर शांतिपूर्ण संपन्न हुई पीएससी प्रारंभिक परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर द्वारा रविवार को जिले में राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 का आयोजन शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। शहर के 6 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। परीक्षा को निष्पक्ष और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता और एसडीएम मनीष शर्मा ने परीक्षा के दौरान विभिन्न केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान तहसीलदार भरत सिंह मंडले भी उनके साथ मौजूद रहे। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश प्रक्रिया, बैठने की व्यवस्था और निगरानी प्रणाली का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।




परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पारी सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पारी दोपहर 2:15 बजे से शाम 4:15 बजे तक चली। पूरे जिले में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और कहीं से भी किसी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली।

इस वर्ष परीक्षा प्रक्रिया में कुछ नई तकनीकी व्यवस्थाएं लागू की गईं। सभी केंद्रों पर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण और प्रवेश पत्र की स्कैनिंग के माध्यम से अभ्यर्थियों की पहचान सुनिश्चित की गई। इसके साथ ही केंद्रों में प्रवेश से पहले बहुस्तरीय सघन जांच की व्यवस्था की गई थी। परीक्षार्थियों को निर्धारित समय से 90 मिनट पहले केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य किया गया था, जिसका अधिकांश अभ्यर्थियों ने पालन किया।

परीक्षा केंद्रों के प्रवेश द्वार पर पेन, पेंसिल और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स सहित अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं को लेकर सख्ती बरती गई। महिला अभ्यर्थियों की जांच महिला स्टाफ द्वारा अलग कक्ष में की गई, जिससे व्यवस्था सुचारू बनी रही।

**ये रहे परीक्षा केंद्र...**

शहर में शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज (हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी), प्रेसीडेंसी कॉलेज (दशहरा मैदान), केंद्रीय विद्यालय (दशहरा मैदान के पास), राजीव गांधी कॉलेज (गोपालपुर) और स्वामी विवेकानंद कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया। सभी केंद्रों पर केंद्राध्यक्षों के नेतृत्व में परीक्षा का संचालन व्यवस्थित ढंग से किया गया।प्रशासनिक सख्ती, आधुनिक तकनीकी व्यवस्थाओं और बेहतर समन्वय के चलते जिले में पीएससी प्रारंभिक परीक्षा बिना किसी बाधा के सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

## समस्याओं के समाधान के लिए दूसरे दिन भी भारतीय किसान संघ का धरना जारी

### 25 से तहसील के सामने धरना आन्दोलन शुरु किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

समर्थन मूल्य पर गेंहू बेचने के लिए क्षेत्र के किसान परेशान हो रहे है। स्लाट बुक न होने, सर्वर डाउन, धीमी गति के कारण गेंहू की तौल प्रभावित होने के साथ किसानों के बिल नहीं बनने से भुगतान नहीं हो रहा है। खाद् वितरण में ई-टोकन प्रणाली भी किसानों के लिए बड़ी समस्या से क्षेत्र के अन्नदाता जूझ रहे है। इन्ही सब समस्याओं को हल करने भारतीय किसान संघ द्वारा पूर्व में ज्ञापन दिया और 25 अप्रैल से तहसील के सामने धरना आन्दोलन शुरु किया।

### दूसरे दिन भी दिया धरना

किसानों की विभिन्न समस्याओं को हल करने भारतीय किसान संघ द्वारा शनिवार को तहसील के सामने धरना आन्दोलन शुरु किया गया। दूसरे दिन रविवार को भी किसान संघ के द्वारा तहसील के समक्ष मांगो के निराकरण के लिए धरना दिया गया। भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष केशर सिंह धाकड़ ने बताया कि जब तक किसानों की समस्याओं को हल नहीं किया जाता, अनिश्चत कालीन धरना आन्दोलन जारी रहेगा। कृषि प्रधान क्षेत्र बाड़ी, बरेली में प्रतिवर्ष लाखों कु. गेंहू की खरीद समर्थन मूल्य पर होती रही है। 15 दिनों से अधिक समय बीत गया अभी तक कुछ हजार कुन्टल गेंहू की खरीद होने से क्षेत्र के किसानों में बिगड़ी खरीद व्यवस्था से भारी असन्तोष का माहौल बना हुआ है।



# हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

# सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026

## प्रथम उपहार 1 कार



**द्वितीय उपहार**
**3 नग बाईक**



**तृतीय उपहार**
**10 नग LED TV**



**चतुर्थ उपहार**
**5 नग फ्रीज**



**पांचवा उपहार**
**8 नग वासिंग मशीन**



**छठवां उपहार**
**15 नग गैस चूल्हा**



**सातवां उपहार**
**25 नग सिलिंग फैन**



**आठवां उपहार**
**40 नग ट्राली बैग**



**नवां उपहार**
**500 नग हॉट पॉट**



**दसवां उपहार**
**600 नग लंच बाक्स**



**ग्यारहवां उपहार**
**प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार**



**नियम एवं शर्तें :-** ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।

**आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें**

हरिभूमि कार्यालय : मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, 4 तल, पीवी 2, बी ब्लॉक, कमलापति रेल्वे स्टेशन के पास, शिवाजी नगर, भोपाल

**मो. 8770833858, 8349245522**